ARYABHATTA KNOWLEDGE UNIVERSITY, PATNA

Established by the State Legislature Act. XXIV of 2008.

Mithapur, Patna – 800 001

Phone No.:0612-2351919, Email-akuniv10@gmail.com, Website: www.akubihar.ac.in

प्रेस विज्ञप्ति

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के साथ शोध संबंधित समझौता ज्ञापन (MoU)

दिनांक 03.04.2024

आज दिनांक 03.04.2024 को आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर (National Institute of Ayurveda, Jaipur) के बीच शोध तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के लिए समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding) पर हस्ताक्षर किया गया।

इस समझौता ज्ञापन का मुख्य उद्देश्य पौराणिक आयुर्वेद की प्रचलित पद्धति को आधुनिक तकनीक से प्रमाणित करने के लिए विज्ञान का प्रयोग करना, आयुर्वेद के क्षेत्र में शैक्षणिक गतिविधियाँ करना, संकाय और छात्र विनिमय कार्यक्रम, आधुनिक वैज्ञानिक उपकरणों का उपयोग करके आयुर्वेदिक सिद्धांतों और प्रथाओं को आधुनिक चिकित्सा के साथ जोड़कर साक्ष्य–आधारित दिशा निर्देश विकसित करना, आर्युवेद विज्ञान और नैनो–बायोटेक्नोलॉजी सहित संबंधित संबद्ध विज्ञानों में नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी के संबंधित क्षेत्रों में आर्युवेद और पारंपरिक नैनोमेडिसिन पर संयुक्त रूप से व्याख्यान, कार्यशाला, सेमिनार एवं अन्य गतिविधियां आयोजित करना, सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुर्वेद के उपयोग, विज्ञान संचार एवं संवर्द्धन, क्लिनिकल प्रशिक्षण और इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन करना, आदि है।

समझौता ज्ञापन कार्यक्रम के दौरान आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना एवं राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में हो रहे विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों पर चर्चा की गई एवं अनुभवों को एक–दूसरे के साथ साझा किया गया।

इस क्रम में आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के माननीय कुलपति प्रो० (डा0) शरद कुमार यादव द्वारा समझौता ज्ञापन के महत्वपूर्ण उद्देश्यों को विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि यह समझौता आयुर्वेद के शाश्वत ज्ञान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। इन्होंने यह भी कहा कि आयुर्वेद, जीवन का प्राचीन विज्ञान, समग्र स्वास्थ्य देखभाल और कल्याण में गहन अंतर्दृष्टि रखता है। इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से अनेक सहयोगी पहल होने की संभावना जताते हुए विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों, अनुसंधान प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता प्रयासों को समृद्ध होना बताया गया।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा अपनी प्रस्तुति के दौरान कहा कि इस MoU से आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय अन्तर्गत सेंटर फॉर स्टेम सेल टेक्नोलॉजी की स्थापना में भी सहयोग मिलेगा। इनके द्वारा यह भी बताया गया कि समझौता ज्ञापन के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी कार्य Time Line पर होगें।

इस अवसर पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ० शंकर कुमार द्वारा आर्यभट्ट ज्ञान विश्विद्यालय, पटना के लिए माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी की अग्रणी सोच का परिणाम बताते हुए विश्वविद्यालय के सभी 12 स्कूलों के क्रियाकलाप पर विस्तृत पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी।

आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के टीम के सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के सभी प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय तथा पांडुलिपि इकाई (manuscript unit) का भ्रमण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के माननीय कुलपति प्रो० संजीव शर्मा द्वारा समझौता ज्ञापन का स्वागत किया गया तथा इसके उद्देश्यों की पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने की सहमति प्रदान किया गया।

उक्त अवसर पर आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के डॉ० शंकर कुमार, कुलसचिव; डॉ० राकेश कुमार सिंह, नैनोविज्ञान एवं नैनोप्रौद्योगिकी केन्द्र; डॉ० मनीषा प्रकाश, सहायक प्राध्यापक, स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन तथा राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के वरीय पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्था
TIONAL INSTIT OF AYUR A
HEALTH FIRST
CONCLAVE & AWARDS
2023
प्रो. संजीव शर्मा
कुलपति

G20
NATIO TITUTE OF AYURVEDA
Memorandum o
Prof. Sanjeev Sharma
Prof. Sharad Kumar Yadav
Vice Chancellor

Catheterization

माधव सिंह बघेल समिति कक्ष
Madhaw Singh Baghel Committee Hall

Openings of Right
Pulmonary Veins
Virtual Lab

Memorandum of Understanding
Prof. Sanjeev Sharma
Vice Chancellor
Prof. Sharad Kumar Yadav
Vice Chancellor

NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA
Prof. Sanjeev Sharma
Vice Chancellor
Prof. Sharad Kumar Yadav
Jai Prakash Sharma

NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA
Memorandum of
National
&
Aryabhatta Knowledge University, Patna
03rd April 2024

Memorandum of Understanding
Prof. Sanjeev Sharma
Prof. Sharad Kumar Yadav
Mr. Jai Prakash Sharma

Prof. Sanjeev Sharma
Prof. Sharad Kumar Yadav
Mr. Jai Prakash Sharma

NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA